मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्ष: 7 अंक 328
रविवार, 22 जून 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर, नए विचारों के बिना प्रधानमंत्री ने सरेंडर कर दिया: राहुल गांधी



**नई दिल्ली, 21 जून।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि देश में विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर है और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं को सिर्फ असेंबल और आयात किया जा रहा है। उन्होंने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस संदर्भ में नए विचारों के बिना सरेंडर (समर्पण) कर दिया है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दिल्ली के नेहरू प्लेस में लैपटॉप और मोबाइल की एक दुकान का दौरा किया। इसका वीडियो उन्होंने यूट्यूब और एक्स पर साझा किया। राहुल गांधी ने कहा कि मेक इन इंडिया ने फैक्ट्री क्रांति का वादा किया था, तो फिर विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर क्यों है, युवाओं की बेरोजगारी ऐतिहासिक ऊँचाई पर क्यों है, और चीन से आयात दोगुने से ज्यादा क्यों हो गए हैं? उन्होंने दावा किया, मोदी जी को नारे देने आते हैं, समाधान नहीं। 2014 से अब तक, विनिर्माण क्षेत्र का हिस्सा हमारी अर्थव्यवस्था में सिर्फ. 14 प्रतिशत रह गया है। राहुल गांधी ने इस बात का उल्लेख किया, दिल्ली के नेहरू प्लेस में मैं शिवम और सैफ से मिला। दोनों ही होशियार, हुनरमंद, उम्मीदों से भरे हैं, लेकिन उन्हें अपनी क्षमता साबित करने का मौका नहीं मिला।

उन्होंने कहा, यह कड़वा सच है कि हम असेंबल करते हैं, आयात करते हैं , लेकिन निर्माण नहीं करते। चीन मुनाफा कमा रहा है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि नए विचारों के बिना, मोदी जी ने सरेंडर कर दिया है, जिनकी पीएलआई योजना का इतना प्रचार हुआ। अब उसे चुपचाप वापस लिया जा रहा है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत को एक बुनियादी बदलाव की जरूरत है जो लाखों उत्पादकों को ईमानदार सुधार और वित्तीय सहयोग से सशक्त करे। कांग्रेस नेता ने कहा, हमें दूसरों के लिए बाजार बनना बंद करना होगा।

## योग भारत की सौम्य शक्ति और संपूर्ण मानव जाति की साझा विरासत का शानदार उदाहरण है : राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली, 21 जून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को योग को भारत की सौम्य शक्ति का एक शानदार उदाहरण बताया और कहा कि योग अब पूरी मानव जाति की साझा विरासत बन गया है।

योग दिवस के अवसर पर यहां पुलिस लाइन में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि जब से संयुक्त राष्ट्र ने 2015 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) के रूप में मनाने के भारत के प्रस्ताव को अपनाया है, तब से दुनिया भर के अधिकतर देशों ने योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बना लिया है और इससे लाभान्वित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा, यह अब पूरी मानव जाति की साझा विरासत बन गया है। योग की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय लोकप्रियता का उदाहरण देते हुए उन्होंने कुवैत की योग साधक शीखा शेखा अली अल-जबर अल सबा का उल्लेख किया, जिन्हें योग को बढ़ावा देने और इसके माध्यम से संस्कृतियों को एकीकृत करने के लिए भारत सरकार ने पद्मश्री से सम्मानित किया था।

राष्ट्रपति ने कहा, योग किसी धर्म, संप्रदाय या समुदाय से जुड़ा नहीं है। यह स्वस्थ जीवन जीने की एक कला है। उन्होंने सभी से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए इसे दैनिक अभ्यास के रूप में अपनाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि योग जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को रोकने, रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने और मन, शरीर और आत्मा को जोड़ने में कारगर है। मुर्मू ने शनिवार को उत्तराखंड की अपनी तीन दिवसीय यात्रा संपन्न की।

इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह भी शामिल हुए। राज्यपाल ने कहा कि योग दुनिया को भारत की ओर से दिया गया अमूल्य उपहार है।

उन्होंने कहा, भारत पहले से ही योग के क्षेत्र में विश्व गुरु के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है। इस कार्यक्रम में राज्य के कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल भी मौजूद थे, जहां विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने योगासन किए।

## योग शरीर और मन को ऊर्जा देता है : ओम बिरला



**नई दिल्ली, 21 जून।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि योग आज दुनिया भर में करोड़ों लोगों की जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है, क्योंकि यह शरीर और मन दोनों को ऊर्जा प्रदान करता है और जीवन में नयी चुनौतियों का सामना करने की शक्ति देता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ओम बिरला ने संसद भवन परिसर में लोकसभा सांसदों और सचिवालय के अधिकारियों के साथ योगासन किए। इस अवसर पर लोकसभा सदस्य पी. पी. चौधरी और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

बिरला ने कहा, दुनिया भर में लोग योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बना चुके हैं। वे इसके महत्व को स्वीकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और संतुलन लाने का एक माध्यम है जो मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक विकास के लिए आवश्यक है।

बिरला ने कहा, यह अभ्यास व्यक्ति को दुनिया की चुनौतियों का सामना करने के लिए ऊर्जा और आत्मबल देता है। योग समग्र विकास के लिए जरूरी है। इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विषय एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है।

## योग सुखमय जीवन की कुंजी : देवेन्द्र फडणवीस

**मुंबई, 21 जून।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि योग भारत की संस्कृति और परंपरा है तथा यह शरीर और आत्मा को तरोताजा करता है और खुशहाल जीवन की कुंजी है।

फडणवीस ने पुणे में आयोजित एक भक्ति योग कार्यक्रम में अपने वक्तव्य के दौरान कहा कि आज पूरी दुनिया ने योग को स्वीकार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा था और अब यह 11वां वर्ष है जब यह दिन वैश्विक स्तर पर मनाया जा रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि संत तुकाराम महाराज और संत ज्ञानेश्वर महाराज की वार्षिक पालकी के साथ पुणे पहुंचने वाले भगवान विट्ठल के भक्त वारकरी भी अपने शिविरों में योग का अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर 700 विद्यार्थियों ने भी अपने-अपने संस्थानों में योगाभ्यास में भाग लिया।

फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार उचित समय पर कृषि ऋण माफी को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है और अपने वादे से पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कहा, मैंने इस बारे में विस्तार से बात की है। कृषि ऋण माफी के लिए नियम और प्रक्रियाएं हैं। यह सरकार किसी भी वादे से पीछे नहीं हटेगी और उचित समय पर कृषि ऋण माफी के फैसले को लागू करेगी।



इस बीच, मुंबई में एक कार्यक्रम में भाग लेते हुए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि बच्चों और युवाओं में योग की आदत डाली जानी चाहिए ताकि वे तनावमुक्त जीवन जी सकें।

शिंदे ने मरीन ड्राइव पर आयोजित योगा बाय द बे कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा, योग भारत की प्राचीन संस्कृति है और प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों के कारण 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विषय एक विश्व, एक स्वास्थ्य के लिए योग है। शिंदे ने कहा, योग की आदत बच्चों को होनी चाहिए, ताकि वे किसी अन्य नशे या बुरी आदत के शिकार न हों। उन्हें योग का ही नशा होना चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि ठीक तीन वर्ष पहले इसी दिन उन्होंने तत्कालीन शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत कर महा विकास आघाड़ी सरकार को गिराया था। शिंदे ने कहा, उस दिन भी मैंने योग किया था। उसी परिवर्तन के कारण आज हम प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के सहयोग से राज्य के विकास को गति देते देख रहे हैं। योग को जीवन का हिस्सा बनाएं, इसे केवल एक दिन तक सीमित न रखें।

## भारतीय मिशनों ने दुनियाभर में धूमधाम से मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**मुंबई/नई दिल्ली।** देश के विभिन्न स्थानों के साथ ही दुनियाभर में 21 जून को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। अमेरिका से लेकर रूस, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस, जापान, कतर, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका के अलग-अलग शहरों में हजारों लोगों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया और भारत की इस प्राचीन विद्या को सम्मान दिया। न्यूयॉर्क और जिनेवा स्थित संयुक्त राष्ट्र में भी विशेष योग शिविर लगाए गए, जिनमें भारतीय मूल के लोगों के साथ ही स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान दुनियाभर में स्थित भारतीय मिशनों ने विशेष योग सत्र आयोजित किए, जहां हजारों लोगों ने योग विशेषज्ञों से योग के नायाब गुर सीखे। योग दिवस के मौके पर न्यूयॉर्क के विख्यात टाइम्स स्क्वायर पर सैकड़ों लोग एकजुट हुए और योग को अपनी जीवनशैली में उतारने का संकल्प लिया। न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में योग गुरु दीपक चोपड़ा ने ध्यान सत्र का नेतृत्व किया, जिसमें 1,200 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने कहा कि इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य है, जो वसुधैव कुटुंबकम की भावना को दशार्ती है। बता दें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित करने का प्रस्ताव रखा था। यह प्रस्ताव 193 देशों के समर्थन के साथ 11 दिसंबर 2014 को पारित हो गया। इसके बाद 2015 से हर साल इस दिन को दुनिया भर में योग के महापर्व के रूप में मनाया जाता है। भारत की सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक योग ने वैश्विक एकता, शांति और स्वास्थ्य का संदेश पूरी दुनिया को दिया। यह महज व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है जिसे दुनिया अब अपनाने लगी है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर आंध्र प्रदेश में बने दो विश्व रिकॉर्ड : मुख्यमंत्री नायडू

**आंध्र प्रदेश, 21 जून।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह को ऐतिहासिक और सफल करार देते हुए कहा कि राज्य ने दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ आरके बीच पर योगाभ्यास करने के बाद मीडिया से बात करते हुए नायडू ने बताया कि 3.03 लाख लोगों ने एक ही स्थान पर एक साथ योग कर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। हालांकि, प्रतिभागियों की सटीक संख्या की घोषणा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्राधिकरण द्वारा की जाएगी।उन्होंने यह भी बताया कि करीब 22,000 आदिवासी छात्रों ने एक ही स्थान पर 108 मिनट में 108 बार सूर्य नमस्कार कर एक और विश्व रिकॉर्ड कायम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा, 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भव्य आयोजन रहा। हमने इतिहास रचा है। नायडू ने बताया कि राज्य सरकार को आज के योग दिवस के लिए करीब दो करोड़ पंजीकरण की उम्मीद थी, लेकिन यह संख्या बढ़कर 2.45 करोड़ तक पहुंच गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री नायडू और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने विशाखापट्टनम के आरके बीच पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

## मणिपुर में विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े चार उग्रवादी गिरफ्तार

**मणिपुर।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर में विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन एनएससीएन (निक्की- सुमी) के एक कैडर को बृहस्पतिवार को जिरीबाम जिले के कमरांगा गांव से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि यह उग्रवादी राष्ट्रीय राजमार्ग 37 पर फिरौती के लिए अपहरण और जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल था।

आर के मीडिया
हिन्दी दैनिक न्यूज पेपर, साप्ताहिक न्यूज पेपर, हिन्दी मासिक पत्रिका का पेज बनबाने के लिए
सम्पर्क करे: 9199355950






# ईरान और इजरायल के तीव्र होते युद्ध से बढ़ते खतरे



-ललित गर्ग

हिंसा, युद्ध, आतंकवाद, आर्थिक प्रतिस्पर्धा से त्रस्त दुनिया में क्या अब शांति एवं अमन की संभावनाओं पर विराम लग गया है? क्या शांतिपूर्ण नये विश्व की संरचना अब दिवास्वप्न है? रूस और यूक्रेन के लम्बे युद्ध के बाद इजराइल और ईरान का युद्ध विश्व के लिये महाविनाश की टंकार है। इस युद्ध के खतरे बढ़ते ही जा रहे हैं। अब तक के नौ दिनों के युद्ध में ईरान और इजरायल में सैकड़ों की मौत, हजारों घायल, अरबों का नुकसान, दुनिया में अनिश्चिंतता एवं भय का माहौल, तेल की बढ़ती कीमतों से महंगाई बढ़ने की आशंका ने समूची दुनिया को डरा रखा है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को गंभीर नुकसान पहुंचा है, लेकिन नष्ट नहीं किया गया है। अमेरिका और इजराइल का मानना है कि ईरान ने परमाणु बम बनाने की क्षमता हासिल कर ली है और अगर अब उसे नहीं रोका गया, तो खतरा पूरी दुनिया को होगा। इजराइल इसी खतरे को मिटाने की बात कहकर ईरान पर तीव्र से तीव्रत्तर हमले कर रहा है और ईरान भी जबावी हमलों में इजरायल में तबाही मचा रखी है। युद्ध भले ही इन दो देशों के बीच हो रहा है, लेकिन उसका प्रभाव समूची दुनिया पर हो रहा है। इस संघर्ष को रोकना आवश्यक है, भले ही अमेरिका अभी तक मैदान में नहीं उतरा और यूरोप अपनी तरफ से कोशिश कर रहा है। इस युद्ध को रोकने के लिये बातचीत ही एकमात्र रास्ता है।

ईरान और इजरायल संघर्ष की वजह से दुनिया में अनिश्चिंतता एवं अस्थिरता के बादल मंडरा रहे हैं। विशेषतः तेल के दाम आसमान छूने लगे हैं। पिछले दिनों क्रूड ऑयल के दाम में एक ही दिन में पिछले तीन साल की सबसे बड़ी तेजी देखी गयी है। दोनों देश एक-दूसरे के ऊपर मिसाइलों से हमला कर रहे हैं, परमाणु युद्ध की आशंकाएं उग्र होती जा रही है। दोनों देशों के बीच फिलहाल इस युद्ध के रुकने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। तेल की बढ़ती कीमतों ने भारत समेत दुनियाभर के लिए संकट पैदा कर दिया है। क्रूड ऑयल की ग्लोबल डिमांड का 2 प्रतिशत ईरान से आता है। यहां के खरग द्वीप से करीब 90 प्रतिशत तेल बाहर भेजा जाता है। सैटेलाइट इमेज से पता चलता है कि क्रूड शिपमेंट में कमी आई है। पूर्ण युद्ध की स्थिति में ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर सकता है। इससे होकर दुनिया की 20 प्रतिशत नेचुरल गैस और एक तिहाई तेल ट्रांसपोर्ट होता है। यह रूट बाधित हुआ तो कच्चे तेल में 20 प्रतिशत तक उछाल आ सकता है। क्रेडिट



रेटिंग एजेंसी के अनुसार इराक, सऊदी अरब, कुवैत और यूएई से आने वाला कच्चा तेल, जो होर्मुज से होकर गुजरता है, भारत के कुल कच्चे तेल के आयात का लगभग 45-50 प्रतिशत है। एक तथ्य यह भी है कि ईरान भी जानबूझकर तेल की कीमतों को आसमान छूने के लिए मजबूर करके ट्रम्प प्रशासन को अस्थिर करने की कोशिश कर सकता है और पश्चिमी देशों में मुद्रास्फीति बढ़ा सकता है।

ईरान और इजरायल के युद्ध के जटिलतर एवं घातक होते जाने के ही संकेत मिल रहे हैं। इजरायल चाहता है कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो और अयातुल्ला अली खामेनेई के शासन का अंत हो। हालांकि इस बात की गारंटी डॉनल्ड ट्रंप या नेतन्याहू में से कोई नहीं ले सकता कि खामेनेई को हटाने से समस्या का समाधान हो जाएगा। यह कैसे कहा जा सकता है कि नई सत्ता को परमाणु ताकत बनने में कोई दिलचस्पी नहीं होगी, वह भी जब उसके पास अमेरिका और इजरायल के हिसाब से जरूरी साधन मौजूद हैं। इन हवाई हमलों से या जमीन पर सीधी लड़ाई लड़कर भले ही ईरान के इन्फ्रास्ट्रक्चर को खत्म कर दिया जाये, लेकिन ईरान के उस तकनीकी ज्ञान को कैसे खत्म किया जा सकता है, जो ईरानी वैज्ञानिकों ने बरसों की मेहनत से हासिल की है। ऐसे में विदेशी दबाव में हुआ बदलाव ईरान को और ज्यादा कट्टरता की ओर ही ले जायेगा। ऐसे में अमेरिका या इजराइल के हमलों से ईरान में आमूल-चूल परिवर्तन होना संभव प्रतीत नहीं होता। हकीकत में यह काम ईरानी जनता पर छोड़ना चाहिए, बदलाव की मांग वहां से उठनी चाहिए। ईरान के लोग भी अपनी हुकूमत के खिलाफ है, भीतर-ही-भीतर आक्रोश है, इसे आंदोलन का रूप देकर ईरान में सत्ता परिवर्तन का माहौल बनाना चाहिए। यही ईरान के लिये बेहतरी का रास्ता है, क्योंकि परमाणु हथियार बनाने की जिद्द में बहुत सारे संसाधनों को बर्बाद कर दिया है। इराक, लीबिया, सीरिया - कई उदाहरण हैं, जहां पश्चिमी ताकतों ने अपने हिसाब से बदलाव लाने के प्रयास किये, लेकिन इनमें से कहीं भी नतीजा मन-मुताबिक एवं सफल-सार्थक नहीं रहा। ये देश आज भी अस्थिर हैं। तेहरान को लेकर कोई भी दुस्साहस ईरान को भी इन्हीं मुल्कों की श्रेणी में ला सकता है। ऐसी स्थितियों में कैसे बदलाव की आशा की जा सकती है?

अमेरिका हो या इजरायल, ईरान या दुनिया की अन्य महाशक्तियों उनकी तरफ से ऐसी कोई पहल होती हुई नहीं दिख रही है, जिससे लगे कि वे यह संघर्ष टालना चाहते हैं। इजराइल का कहना है कि वह ईरान की परमाणु हथियार बनाने की क्षमता को खत्म करने के लक्ष्य को हासिल होने तक युद्ध नहीं रोकेगा, लेकिन क्या ऐसा संभव है? ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची का कहना है कि कोई भी बातचीत इजराइली हमले रुकने के बाद ही होगी। दोनों देशों की जिद्द एवं अकड से प्रतीत नहीं होता कि शांति एवं युद्ध विराम का रास्ता संभव है। ईरान निश्चित रूप से दोषी है, दुनिया में अशांति का बड़ा कारण भी है। क्योंकि उसने अपने परमाणु-शक्ति के अपने प्रयासों को इस हद तक आक्रामक रूप से छिपाया कि अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को भी कहना पड़ा कि ईरान अपने परमाणु अप्रसार दायित्वों का पालन नहीं कर रहा है। वैसे, इजराइल ने पिछले 15 वर्षों में कई बार ईरानी परमाणु कार्यक्रम पर निशाना साधा है, लेकिन हर बार वह या तो अमेरिकी दबाव में या अपनी सैन्य क्षमताओं पर संदेह के कारण अंतिम समय पर पीछे हट गया था। सवाल यह भी है कि इस संघर्ष का इराक, लेबनान, सीरिया और यमन पर क्या असर होगा, क्योंकि वहां पर ईरान एक लंबे समय से अपना प्रभाव जमाए हुए है और सशस्त्र उग्रवादियों एवं आतंकवादियों को पोषित करता आया है। हिजबुल्ला की रीढ़ तोड़ने से इस परिदृश्य में बदलाव की शुरूआत पहले ही हो चुकी है और लेबनान-सीरिया में पहले ही इसका लाभ मिल चुका है, जहां नए, बहुलतावादी नेताओं ने सत्ता संभाली है। ईरान के प्रभाव-क्षेत्र से इराक का पलायन भी वहां के लोगों के बीच व्यापक रूप से लोकप्रिय रहा है।

ईरान की जनता अपने शासकों के प्रति नाराज है। वह सत्ता परिवर्तन चाहती है, इसलिये इजराइल से युद्ध में जनता का समर्थन नगण्य है। इसका फायदा इजरायल को मिल रहा है, इसी कारण इजरायल ईरान के शीर्ष मिलिट्री अधिकरियों की सटीक लोकेशन खोजकर उन्हें मार गिराने में सफल हो पायी है। इससे मालूम होता है कि कितने ईरानी अधिकारी इजराइल के लिए काम करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि वे अपनी सरकार को नापसंद करते हैं। बावजूद इसके अगर इजराइल अपने प्रयास में विफल हो जाता है और तमाम चोटें खाने के बावजूद ईरान परमाणु हथियार बनाने में सक्षम हो जाता है तो इससे क्षेत्र पहले से कहीं अधिक अस्थिर हो जाएगा। तेल संकट भी बढ़ेगा और संभवतः ईरान अमेरिका-समर्थक अरब शासनों पर हमला करने के लिए प्रेरित हो सकता है। तब अमेरिका के पास इस लड़ाई में कूदने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। ऐसी स्थितियां दुनिया के लिये अधिक घातक होगी, दुनिया में युद्ध के गहराते संकटों से मुक्ति का कोई तो रास्ता निकलना ही चाहिए।

# गुंडों के कब्जे में टूरिज्मः पार्किंग से लेकर टैक्सी स्टैंड तक वसूली का तांडव





वाराणसी से रुद्रप्रयाग व कश्मीर से कन्याकुमारी तक मनमानी वसूली और मारपीट से बदनाम होते तीर्थ व पर्यटन स्थल आज की हकीकत बन चुके है. उत्तर भारत के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन नगर, खासकर काशी, प्रयागराज, हरिद्वार, रुद्रप्रयाग, अयोध्या, बद्रीनाथ जैसे तीर्थों में बीते कुछ वर्षों से एक नया और खतरनाक चलन पनप रहा है, पार्किंग स्थलों और टैक्सी स्टैंडों पर गुंडों का कब्जा। आए दिन पर्यटकों पर हो रहे हमले, लाठी-डंडों से की जा रही मारपीट और खुलेआम वसूली की घटनाएं अब असामान्य नहीं रहीं। सवाल यह है कि क्या प्रशासन आंखें मूंदे रहेगा? जबकि सच तो यह है कि अगर भारत को पर्यटन की वैश्विक राजधानी बनाना है, तो यह जरूरी है कि प्रत्येक पर्यटक को सुरक्षा का भरोसा मिले। अभी जो स्थिति है, वह भय और असहायता का उदाहरण है। सरकार को चाहिए कि वह जमीनी स्तर पर कार्रवाई करें, वर्ना ह्वअतिथि देवो भवह्व का आदर्श सिर्फ विज्ञापन तक ही सीमित रह जाएगा. प्रधानमंत्री का संसदीय क्षेत्र होने के बावजूद बनारस के रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों, मॉल, सिनेमा हॉल और टैम्पो स्टैंडों पर पार्किंग व किराया वसूली में खुलेआम मनमानी जारी है। यात्रियों से निर्धारित शुल्क से कई गुना अधिक राशि वसूली जा रही है। और जब कोई कारण पूछता है, तो जवाब में गाली-गलौज से लेकर लाठी-डंडे तक चलने लगते हैं

-सुरेश गांधी

भारत का पर्यटन विकास सिर्फ योजनाओं और विज्ञापनों से नहीं होगा। अगर एक पर्यटक सुरक्षित महसूस नहीं करता, तो लाखों की योजना भी बेअसर है। अब समय है कि सरकार, प्रशासन और आम जनता, सब मिलकर इस अघोषित गुंडाराज के खिलाफ एकजुट हों। वरना आने वाले वर्षों में तीर्थ और पर्यटन सिर्फ इतिहास के पन्नों में रह जाएंगे। पार्किंग, टैक्सी स्टैंडों पर मनमानी वसूली, विरोध पर लाठी-डंडे, यानी वाराणसी से रुद्रप्रयाग तक खौफ का राज है.ह्वह्व जबकि पर्यटक असहाय, प्रशासन मौन हैं. या यूं कहे ह्वअतिथि देवो भवह्व पर लाठी की तलवार लटक रही है। जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित तमाम सूबों के मुखियां द्वारा आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, दूसरी ओर उन्हीं शहरों में टूरिस्ट लाठी-डंडों और गुंडागर्दी का शिकार हो रहे हैं। काशी से लेकर रुद्रप्रयाग तक, हरिद्वार से लेकर प्रयागराज तक और जम्मू-कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक, हर बड़े धार्मिक शहर में टैक्सी स्टैंड, पार्किंग स्थल और सार्वजनिक मार्गों पर गुंडों का कब्जा बनता जा रहा है। इनका एक ही मकसद है, मनमानी वसूली, और जो विरोध करे उस पर हमला। कहीं ?30 की जगह ?300 की वसूली, कहीं यूनियन के नाम पर गुंडागर्दी खुलेआम हो रही हैं। वाराणसी, जो देश और दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित करता है, वहां रेलवे स्टेशन से लेकर अस्सी घाट और संकटमोचन तक, कहीं भी पार्किंग शुल्क मनमर्जी से वसूला जाता है। एक ही गाड़ी से 30 की पर्ची के बाद 100 फिर 200 मांग लिए जाते हैं। विरोध करने पर लफंगे, यूनियन सदस्य या तथाकथित स्वयंभू ठेकेदार हाथापाई तक उतर आते हैं। ऐसा नहीं कि ये घटनाएं कैमरे से बची रहती हैं. अक्सर यह सब सार्वजनिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में होता है। परंतु कार्रवाई के नाम पर सन्नाटा पसरा रहता है। चारधाम यात्रा के रास्ते में पड़ने वाले रुद्रप्रयाग में भी कुछ ऐसा ही दृश्य है। टूरिस्ट बसों से जबरन यात्री कर वसूला जा रहा है, और न देने पर ड्राइवरों से मारपीट की जा रही है। कई मामलों में स्थानीय पुलिस की मौन सहमति साफ झलकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वाराणसी के कैंट स्टेशन, गोदौलिया, लंका, संकटमोचन और अस्सी क्षेत्र में आए दिन पर्यटक गाड़ियों से जबरन पार्किंग शुल्क वसूला जाता है। कई मामलों में बकायदा ह्वयूनियनह्व के नाम पर गुंडे खड़े रहते हैं, जो निर्धारित शुल्क की जगह मनचाहा पैसा मांगते हैं। पिछले सप्ताह कर्नाटक से आए एक पर्यटक को सिर्फ अस्सी घाट की पार्किंग के नाम पर 200 का शुल्क थमा दिया गया, जब उन्होंने पर्ची मांगी तो दो युवक लाठी लेकर गाड़ी के पास आ गए। डर के मारे पर्यटक ने पैसा थमाया और चुपचाप आगे बढ़ गया। पुलिस चैकी से मात्र 100 मीटर दूर की यह घटना थी।

छवि को नुकसान

भारत विश्व में आध्यात्मिक पर्यटन का एक मजबूत केंद्र बन रहा है, लेकिन इन घटनाओं से अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के बीच देश की छवि धूमिल हो रही है। ह्वअतिथि देवो भवह्व सिर्फ नारे तक सीमित रह गया है, जमीनी हकीकत इससे उलट है।

क्या होना चाहिए?

हर बड़े पर्यटन स्थल पर स्थायी पर्यटन पुलिस बल की तैनाती की जाएं। पार्किंग व टैक्सी सेवा में लगी यूनियनों का नवीनीकरण व सत्यापन किया जाएं। सीसीटीवी निगरानी व ऑनलाइन शिकायत पोर्टल लागू हों। गंभीर मामलों में गुंडों पर रासुका जैसी कड़ी धाराओं में केस दर्ज हो।

रुद्रप्रयाग और हरिद्वार में टूरिस्ट बसों पर दबाव

चारधाम यात्रा के दौरान रुद्रप्रयाग और श्रीनगर गढ़वाल में निजी यूनियन से जुड़े लोग टैक्सी और टूरिस्ट बसों को जबरन रोकते हैं और स्थानीय टैक्स, यूनियन शुल्क और सेवा शुल्क के नाम पर पैसा मांगते हैं। कुछ मामलों में ड्राइवर और परिचालकों के साथ हाथापाई की भी सूचना मिली है। डरे सहमे यात्री स्थानीय प्रशासन से शिकायत नहीं करते, क्योंकि उन्हें डर है कि वापसी में और अधिक दिक्कतें खड़ी कर दी जाएंगी।

गाड़ियों पर हमला, कैमरे में कैदः कार्रवाई गायब

सोशल मीडिया पर वाराणसी और हरिद्वार के कई वीडियो वायरल हो चुके हैं, जिनमें देखा जा सकता है कि कैसे कुछ युवक गाड़ियों के बोनट पीटते हैं, गालियां देते हैं और कैमरे देखकर मुंह छिपा लेते हैं। कई ड्राइवरों का आरोप है कि ह्वजो इनसे नहीं जुड़ता, उसकी गाड़ी रोक दी जाती है, सवारी उतार दी जाती है।ह्व

प्रशासनिक चुप्पी और मिलिभगत का आरोप

स्थानीय नागरिकों और होटल यूनियन के कुछ सदस्यों का आरोप है कि इस वसूली गैंग को स्थानीय प्रभावशाली नेताओं और कुछ पुलिस कर्मियों की शह हासिल है। इसलिए तमाम शिकायतों के बावजूद एफआईआर दर्ज नहीं होती, उलटे पीड़ित पक्ष को ही समझा-बुझा कर चुप करा दिया जाता है।

पर्यटकों का डर, हम दुबारा यहां नहीं आएंगे

देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु और सैलानी इन घटनाओं से आहत हैं। वाराणसी घूमने आए एक फ्रांसीसी दंपति ने बताया कि ह्वयहां का आध्यात्म सुंदर है, लेकिन स्थानीय व्यवहार से हम बहुत डरे हुए हैं। कोई पूछने पर गाली देता है, कोई धमकाता है। उनका कहना था, ह्वहम अपने दोस्तों को अब काशी न आने की सलाह देंगे।

क्या कहता है प्रशासन?

वाराणसी पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कुछ स्थानों पर अवैध वसूली की सूचनाएं आई हैं, इनकी निगरानी की जा रही है। यदि कोई पर्यटक शिकायत करता है तो तत्काल कार्रवाई होगी। लेकिन सवाल यह है कि क्या शिकायत करने के लिए पर्यटक को लाठी खाना जरूरी है?

मांगें क्या उठ रही हैं?

हर पर्यटन नगर में टूरिस्ट हेल्पलाइन और नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) स्थापित हो।

पार्किंग और टैक्सी स्टैंडों पर ब्ब्ज्ट निगरानी व ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था हो।

यूनियन के नाम पर चल रही गुंडा टैक्स प्रणाली को समाप्त किया जाए।

स्थानीय थाना प्रभारी और सर्किल अधिकारियों को जवाबदेह बनाया जाए।

टैम्पों, मॉल और सिनेमा संचालकों पर भी आरोप

सिगरा, लहरतारा और भेलूपुर क्षेत्र के कई मॉल संचालक निगम या प्रशासन द्वारा तय दरों को दरकिनार कर अपनी मर्जी से पार्किंग शुल्क वसूलते हैं। यहां तक कि फिल्म देखने आए दर्शकों से भी 50 से 100 तक ठगी जाती है, जो टिकट दर से भी ज्यादा होता है। टैम्पो चालक 10 की जगह 20 से 30 तक वसूलते हैं, मना करने पर यात्री के साथ अभद्रता की जाती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होती। ह्वजो जितना जोर से लाठी चलाता है, वही यहां वसूली करता हैह्व, यह वाक्य अब बनारस के बाजारों में आम हो चुका है।

जनता सवाल कर रही हैः काशी में कानून चलेगा या लाठी?

बनारस के ही एक बुजुर्ग नागरिक ने कहा, यह शहर आस्था का केंद्र है, लेकिन आज हर चैराहा लूट का अड्डा बन गया है। क्या प्रशासन इसे देख रहा है, या फिर सबकुछ आंख मूंदकर चलता रहने दिया जाएगा?

रेलवे स्टेशन, मॉल और बस अड्डों

तक फैला वसूली का साम्राज्य

हर सार्वजनिक स्थल पर सक्रिय हैं वसूली के ठेकेदार, विरोध पर चलते हैं लठ्ठ। सिर्फ धार्मिक स्थलों और घाटों तक ही नहीं, अब गुंडागर्दी और अवैध वसूली का ये सिलसिला शहरों के मॉल, रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और अस्पतालों तक जा पहुंचा है। जहाँ भी वाहन खड़ा किया जाए, वहां काली पर्ची लेकर खड़े संघ के स्वयंभू कर्मचारी नजर आते हैं, जो मनचाही राशि मांगते हैं। अक्सर जब वाहन चालक पर्ची की वैधता या शुल्क की दर पूछता है, तो जवाब में मिलती है गाली और लठ्ठ की धमकी। वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन, लहरतारा, पांडेयपुर बस स्टैंड, बीएचयू अस्पताल, रोडवेज डिपो और बीएलडब्ल्यू के पास बने पार्किंग स्थल ऐसी जगहों के उदाहरण हैं जहां आए दिन यह वसूली हिंसक रूप लेती जा रही है। मॉल और शॉपिंग कॉम्प्लेक्सों में भी यही हाल है। कई निजी मॉलों में ठेके पर दी गई पार्किंग व्यवस्था को कुछ बाहरी तत्व हाइजैक कर लेते हैं। प्रबंधन की चुप्पी, और पुलिस की उदासीनता इस वसूली नेटवर्क को और मजबूत बना रही है।

पार्किंग नहीं, जैसे फिरौती का खेल

10 की जगह 50 वसूलते हैं, और पर्ची मांगो तो कहते हैं, चलो यहां से, ज्यादा समझदारी मत दिखाओ. यह बयान एक स्थानीय दुकानदार का है, जिसकी दुकान कैंट स्टेशन के पास है।

# महायुद्ध की और बढ़ती दुनियाँ को शांति का पाठ पढ़ाए भारत



-नरेंद्र तिवारी 'पत्रकार'

दुनियाँ के देश आपस में लड़कर जब महायुद्ध की और बढ़ रहे हो तब भारत को विश्व शांति के ईमानदार प्रयास करना चाहिए। भारत के प्रयासों से दुनियाँ में शांति स्थापित होती है तो दुनियाँ में भारत का मान-सम्मान बढ़ेगा। दुनियाँ के नागरिकों के दिलों में सनातन संस्कृति के प्रति आकर्षण बढ़ेगा, भारत के विश्व सिरमौर होने के रास्ते खुलेंगें। इस हेतू तैयार होने से पूर्व स्वयं को युद्ध से दूर रखना होगा, शांति का पाठ दुनियाँ को पढ़ाने के लिये भारत को अपनी सीमाओं को सुरक्षित और राष्ट्रीय एकता को मजबूत रखने की आवश्यकता है। दुनियाँ के जो हालात इस दौरान दिखाई पड़ रहे है, वह चौकाने वाले है। हर और हिंसक वातावरण नजर आ रहा है, धर्म, जाति, नस्ल और क्षेत्रीयता की उग्र भावनाओं से तबाही का मंजर आसमानों में आग के गोलो के रूप में दिखाई दे रहा है। मानव निर्मित विकास की ऊँची-ऊँची अट्टालिकाओं को बारूद से उड़ाया जा रहा है। विगत 3 बरसों से अधिक हो गए रूस और युक्रेन युद्ध चल रहा है, इस युद्ध से मची तबाही के जो दृश्य मिडिया के माध्यम से देखने को मिल रहे है। वह बैचेन कर देने वाले है। तीन वर्षों से अधिक समय हो गया विश्व के ताकतवर देश रूस-युक्रेन युद्ध रुकवाने में असफल रहे है। इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध के बिच अब ईरान-इजराइल के मध्य खतरनाक मिसाइलो से धमाकों का क्रम जारी है। इन धमाकों से बड़े-बड़े विकसित शहरों को निशाना बनाया जा रहा है। बात परमाणु हथियारों के उपयोग तक पहुंच गयी है। मानव निर्मित विकास और समृद्धि के प्रतिमानों को शासकों की सनक की वजह से नेस्तानाबूत किया जा रहा है। इस बबार्दी के मंजर को रोकना, विश्वशांति और अमन की बात करने का यह उचित समय है। शान्ति मानव जाति के कल्याण एवं मानवता के हित में है। बारूद कभी भी मसलों का हल नहीं कर सकती, उसकी प्रकृति ही हिंसक है। बारूद से विनाश होता है, निर्माण नहीं, दुनियाँ को निर्माण की जरूरत है विनाश की कतई नहीं, जो विनाश में विश्वास रखते है वह मानवता के हितैषी कभी नहीं हो सकतें है। हमारी दुनियाँ शांति पसंद है। दुनियाँ और युद्धरत राष्ट्र की आम आवाम भी इन लडाईयों से चिंतित है। विवादित मसलों के निराकरण की प्रजातांत्रिक प्रक्रिया बैठक, वार्ता,गोलमेज और बातचीत है। किंतु आवाम की इच्छा के विरुद्ध शासकों की सनक ने युद्ध के माध्यम से दुनियाँ को परेशान, चिंतित और भयभीत कर रखा है। विश्व पटल पर जारी युद्ध इससे पहले विश्व युद्ध या परमाणु युद्ध में तब्दील हो, शांति की मशाल जलाना बेहद अनिवार्य और आवश्यक है, स्वयं को दुनियाँ का नेता बताने वाले देश शांति की मशाल को जलाने में नाकाम हुए है, इन देशों के अपने स्वार्थ है, हथियारों के सौदागर मुल्को से अमन के चिराग जलाने की अपेक्षा नहीं की जा सकती है। ईरान इजरायल युद्ध के दौरान चीन ने अमेरिका पर आग में घी डालने के गंभीर आरोप लगाए है। चीन का उक्त आरोप कितना सही या गलत है इसके क्या मायने है? किंतु इतना तो कहा ही जा सकता है की अमेरिका न तो रूस-युक्रेन युद्ध में शांति स्थापित कर सका और न ही ईरान-इजरायल युद्ध में शांति स्थापित करने की स्थिति में है। रूस स्वयं युद्ध में उलझा हुआ है। दुनियाँ के दूसरे देश या तो किसी पक्ष के साथ खडे है या दुरी बनाकर चल रहे है। ऐसी स्थिति में भारत की उपयोगिता और जिम्मेदारी बनती है की वह महायुद्ध या परमाणु युद्ध की और बढ़ती दुनियाँ में शांति स्थापन के प्रयास करें। भारत ने पूर्व में भी विश्वशांति के प्रयासों में अपनी महती भूमिका का निर्वहन किया है। भारत दुनियाँ का सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक राष्ट्र है जो विश्व शांति का प्रबल समर्थक राष्ट्र होकर नागरिक स्वतन्त्रता और मानवता का पक्षधर है। भारत की सनातन परम्परा में भी विश्व कल्याण की भावना का समर्थन किया गया है। भारत के मंदिरो में प्रतिदिन होने वाली ईश्वरीय की आराधना, पूजा पाठ आरती के दौरान लगने वाले जयकारों में धर्म की जय हो, अधर्म का नाश, प्राणियों में सदभावना हो, विश्व का कल्याण हो, के उच्च आदर्शो एवं मापदंडो का समावेश है। इससे बढ़कर ऋग्वेद का एक मंत्र जो विश्व कल्याण की कामना करता है, इसे शांति पाठ कहा जाता है, शांति पाठ का उक्त मंत्र ' ॐ द्यो शांति अंतिरिक्ष शान्तिः, पृथ्वीवी शांतिरापः शान्तिरोषधय शान्तिः, वनस्पतयः शान्ति विश्वेदेवाः शान्तिब्रह्म शान्तिः, सर्व शान्तिः, शान्तिरेव शान्तिः, सा मां शांतिरेधि।। ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः। यह मंत्र वायुमंडल, पृथ्वी, जल, औषधियों, वनस्पतियों, सभी देवताओं, ब्रम्ह और सभी प्राणियों में शान्ति की कामना करता है। शान्ति पाठ का उदघोष भारत में प्रतिदिन पूजा पाठ और पवित्र कार्यो के दौरान होता है। इस महान संस्कृति और विचार से दुनियाँ को परिचित कराने के लिये भारत के नैतृत्व को चाहिए विश्व युद्ध की और बढ़ती दुनियाँ को युद्ध की विभीषिका से बचाए, दुनियाँ को इस बात से अवगत कराएं की युद्ध मानव सभ्यता को विनाश की और बढ़ाता है, जबकि शान्ति निर्माण की और अग्रसर करती है। दुनियाँ के इंसानों को विनाश की नहीं निर्माण की आवश्यकता है। दुनियाँ के सारे धर्म, पंथ, समुदाय शान्ति की भाषा को समझते है। मानवता ही परम धर्म है। भारत द्वारा इस दौरान किये शान्ति प्रयासों की दुनियाँ न सिर्फ सराहना करेंगी अपितु भारत की महत्ता को स्वीकार करेंगी। सनातन संस्कृति में शान्ति के महत्व की स्थापना के महान आशय को समझते हुए इस हेतू प्रयास किये जाने चाहिए। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नैतृत्व में शान्ति के प्रयास हेतू उसी तरह प्रतिनिधीमंडल भेजनें की आवश्यकता है। जैसे पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आंतकी ठिकानों को नेस्तनाबूत करने के बाद दुनियाँ के देशो में गए भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधियों ने भारत के पक्ष को रखा, इसी तरह शान्ति के प्रयासों को जब भारत का प्रतिनिधिमंडल विश्वपटल पर रखेगा तब भारत भी दुनियाँ के नागरिकों के दिलों में धड़केगा, मोदी की जय जयकार होंगी, भारत का दुनियाँ के सिरमौर बनने की दिशा में यह एक सार्थक कदम होगा। ऐसे समय जब दुनियाँ के ताकतवर देश अपने हथियारों की नुमाइश में लगे हो, अपने आर्थिक स्वार्थ के खातिर दुनियाँ की बबार्दी की और धकेल रहे हो भारत की भूमिका विश्व पटल पर बढ़ जाती है। वह शान्ति के प्रयास करें। भारत के ईमानदार प्रजातांत्रिक प्रयासों से दुनियाँ फिर अमन विकास और प्रगति की अग्रसर होंगी। भारत की मौलिकता और दर्शन भी यही है।

# योगः मन की शुद्धि से मोक्ष तक का मार्ग



-प्रियंका सौरभ

मन ही सब कुछ है। जो आप सोचते हैं, आप वही बन जाते हैं।ह्व झ भगवान बुद्ध की यह उक्ति केवल कोई भावनात्मक वक्तव्य नहीं, बल्कि जीवन की एक मौलिक सच्चाई है। भारतीय संस्कृति और दर्शन में मन को नियंत्रण में लाना, उसकी दिशा को सही मार्ग पर स्थापित करना, सबसे बड़ा साध्य माना गया है। योग उसी साधना का नाम है झ जो मन को अपने उच्चतम स्वरूप तक ले जाता है।

जब हम योग शब्द सुनते हैं, तो आँखों के सामने एक व्यक्ति ध्यान की मुद्रा में बैठा दिखता है – शांत, स्थिर और एकाग्र। लेकिन योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है। योग का वास्तविक अर्थ है झ जोड़, मिलन और संतुलन। यह आत्मा और परमात्मा का मिलन है, शरीर और मन का संतुलन है, और अंततः मन के विक्षेपों को शांत करने की विद्या है। भारत द्वारा प्रस्तावित और अब हर वर्ष 21 जून को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस इस बात का प्रमाण है कि योग अब केवल एक प्राचीन परंपरा नहीं, बल्कि आधुनिक विश्व की भी आवश्यकता बन चुका है। यह उस चेतना का जागरण है जो यह स्वीकार करती है कि आज की सारी समस्याओं की जड़ मन की अस्थिरता और संतुलनहीनता में है।

भारतीय दर्शन कहता है कि दुख और सुख, दोनों की जड़ मन है। बुद्ध ने स्पष्ट कहा था झ ह्वमन ही सब कुछ है, जो तुम सोचते हो, वही बनते हो।ह्व यह विचार योग के मूल में है। पतंजलि योगसूत्र का पहला सूत्र ही है झ ह्वयोगश्चित्तवृत्तिनिरोधःह्व अर्थात, योग वह है जो चित्त (मन) की वृत्तियों को रोकता है। चित्तवृत्तियाँ हैं झ चिंता, क्रोध, मोह, वासना, द्वेष, घृणा, लालच, भ्रम, जो मन को अस्थिर करती हैं। योग इन विकारों को शुद्ध करने की प्रक्रिया है।

आधुनिक समय में योग को फिटनेस और फ्लेक्सिबिलिटी तक सीमित कर दिया गया है, जबकि प्राचीन भारतीय मनीषा ने योग को आध्यात्मिक उन्नति का साधन माना। योग आठ अंगों में विभाजित है झ यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। इनका अंतिम लक्ष्य है झ मन की शुद्धि। आसन से शरीर स्थिर होता है, प्राणायाम से प्राण नियंत्रित होते हैं, ध्यान से मन एकाग्र होता है, और समाधि से आत्मा परमात्मा से मिलती है। इस यात्रा में मन सबसे बड़ा रुकावट भी है और सबसे बड़ा साधन भी।

मन में जो बीज बोया जाता है, वही जीवन में फल देता है। यदि मन में भय, असुरक्षा, ईर्ष्या और अहंकार बोए जाएँ, तो जीवन में संघर्ष, अकेलापन और दुख पैदा होते हैं। पर यदि शांति, संतोष, करुणा और संयम बोए जाएँ, तो जीवन सुंदर हो उठता है। योग हमें यह विवेक देता है कि हम क्या सोचें, क्यों सोचें, और कैसे सोचें। यही मानसिक अनुशासन है।

महात्मा गांधी ने भी कहा था झ व्यक्ति अपने विचारों से निर्मित प्राणी है। जो वह सोचता है, वही बनता है। गांधी जी का जीवन स्वयं एक ह्यचलता-फिरता योग था आत्मानुशासन, सेवा, त्याग और मन की स्पष्टता। उन्होंने मन को साध कर ही अहिंसा को जीवन का मार्ग बनाया। वहीं, भगत सिंह ने विचारों की अग्नि को क्रांति में बदला। दोनों ने अलग राह चुनी, पर आधार उनका मन ही था।

आज के समय में मन की बीमारियाँ तेजी से बढ़ रही हैं झ अवसाद, चिंता, आत्महत्या, क्रोध, भ्रम और तनाव। मानसिक अस्पतालों की संख्या बढ़ रही है, पर समाधान केवल दवा नहीं है, ध्यान और योग ही असली उपाय हैं। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि योग-निद्रा, ध्यान और प्राणायाम से मस्तिष्क का ब्रेन वेव पैटर्न बदलता है, तनाव हार्मोन (कॉर्टिसोल) कम होता है और सजीवता, रचनात्मकता व संतुलन बढ़ता है।

जब व्यक्ति का मन शांत होता है, तभी वह करुणामय बनता है। और जब समाज के लोग करुणामय हों, तो हिंसा, द्वेष, असहिष्णुता, कट्टरता अपने आप मिटने लगती है। इसलिए योग एक व्यक्ति नहीं, समाज के पुनर्निर्माण का माध्यम है। भारत की विविधता झ भाषा, जाति, धर्म, क्षेत्र झ अगर कहीं एक सूत्र में बंध सकती है, तो वह आंतरिक शांति और आत्म-संयम के माध्यम से ही संभव है। योग उसी का मार्ग है। इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है जिन्होंने योग और ध्यान के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को ऊँचाई दी। भगवान महावीर और गौतम बुद्ध झ दोनों ने ध्यान और मानसिक संयम को मुक्ति का मार्ग बताया। स्वामी विवेकानंद ने योग को आत्मज्ञान की कुंजी माना। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने योग और ध्यान को अपने जीवन का अनिवार्य अंग बनाया था। नेल्सन मंडेला ने जेल में भी ध्यान और मौन के माध्यम से मन को शांत रखा। यह सब दशार्ता है कि जो भी महान हुआ, उसने पहले मन को साधा। 2014 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में जब अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की घोषणा की पहल की, तो 177 देशों ने उसका समर्थन किया। यह इतिहास में पहली बार हुआ जब योग ने बिना किसी प्रचार के, बिना किसी हथियार के, संस्कृति और चेतना का विश्वव्यापी आंदोलन खड़ा कर दिया। हर साल 21 जून को, जब लोग सूर्य नमस्कार करते हैं, तब वह केवल शरीर की कसरत नहीं कर रहे होते, वे अपने मन को आत्मचिंतन की स्थिति में ला रहे होते हैं।

श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं समत्वं योग उच्यते अर्थात, मन की समता ही योग है। जब न खुशी से हम फूले, न दुख से हम टूटें तब हम योग में स्थित होते हैं। जब न हमें क्रोध बहा सके, न मोह डुबा सके तब हम योगी होते हैं। गीता का हर श्लोक अंततः हमें मन के सामर्थ्य की ओर ले जाता है कैसे विचार बदलें, कैसे दृष्टिकोण पर नियंत्रण रखें, और कैसे कर्म को स्वच्छ मन से किया जाए। आज के समय में, जब मनुष्य बाहरी दुनिया में सब कुछ जीत चुका है  चाँद, मंगल, समुद्र, आकाश पर अपने भीतर की अशांति से हार रहा है, तब योग ही वह विज्ञान है जो उसे स्वयं से मिलवाता है। योग शरीर का सौंदर्य नहीं, मन की स्वच्छता और आत्मा की ऊँचाई है। अगर हर बच्चा, हर नागरिक, हर नेता और हर शिक्षक अपने दिन की शुरूआत केवल 20 मिनट के ध्यान और प्राणायाम से करे झ तो भारत केवल एक आर्थिक शक्ति नहीं, एक आध्यात्मिक विश्वगुरु बन सकता है।

योग करो, संयम से सोचो, और अपने मन को स्वयं का मित्र बना लो। फिर न तुम डिगोगे, न टूटोगे, केवल खिलते जाओगे।

## समाजसेवी रामबिलास पाठक ने प्राचार्य भालचंद्र दलवी का किया स्वागत



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** मुंबई के घाटकोपर पश्चिम स्थित सन ग्रेस हाईस्कूल और जुनियर कॉलेज का मार्च-2025 एस. सी.परीक्षा रिजल्ट 100% आने पर घाटकोपर के वरीष्ठ समाजसेवी राम विलास पाठक ने विद्यालय के प्राचार्य भालचंद्र दळवी सर से स्नेहिल मुलाकात कर उन्हे श्री राम नामी शाल और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। और विद्यालय के उज्वल भविष्य की कामना के साथ दलवी जी को शुभकामनाएं दी।

## पालघर पुलिस दल ने उत्साहपूर्वक मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस




**पालघर(उत्तरशक्ति)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज पालघर पुलिस विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर योग के महत्व को रेखांकित किया गया। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन लायन्स रोटरी क्लब सभागृह, पालघर में सुबह 7:30 बजे किया गया। जिसमें पालघर के पुलिस अधीक्षक यतीश देशमुख, अपर पुलिस अधीक्षक विनायक नरले, पुलिस मुख्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी, साथ ही दांडेकर हाईस्कूल के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान योग प्रशिक्षकों द्वारा उपस्थित पुलिसकर्मियों, छात्रों और नागरिकों को विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन कर योगाभ्यास कराया गया। प्रशिक्षकों ने योग के नियमित अभ्यास से होने वाले शारीरिक और मानसिक लाभों की भी जानकारी दी। सिर्फ मुख्यालय ही नहीं, बल्कि पालघर जिले के सभी पुलिस थानों में भी योग दिवस मनाया गया। स्थानीय नागरिकों और स्कूलों के विद्यार्थियों की भागीदारी से वातावरण में ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार हुआ।

## दाखला शिविर से लोगों की समस्या हल होगी: स्नेहा दुबे




**वसई रोड (उत्तरशक्ति)।** वसई रोड आनंदनगर स्थित विश्वकर्मा हॉल में जिला कलेक्टर कार्यालय पालघर और तहसील कार्यालय वसई द्वारा शिवाजी महाराज अभियान के अंतर्गत आज वसई रोड मंडल भाजपा के अंतर्गत विश्वकर्मा हॉल आनंद नगर वसई पश्चिम में छत्रपति शिवाजी महाराज महाराज अभियान का आयोजन किया गया। उस शिविर का स्नेहा दुबे ने दौरा किया। इस शिविर के माध्यम से आय प्रमाण पत्र, गैर आपराधिक प्रमाण पत्र, वरिष्ठ नागरिक प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, कृषि स्टैंड पंजीकरण, राशन कार्ड से संबंधित विभिन्न प्रमाण पत्र बनाए गए। इस शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने प्रतिक्रिया दी थी। इस बार वसई विधायक स्नेहा दुबे पंडित,विभागीय अधिकारी। शेखर घाडगे, तहसीलदार वसई अविनाश कोष्टी, मंडल अध्यक्ष महेश सरवनकर, भाजपा वरिष्ठ नेता शेखर धुरी,माजी नगरसेवक किरण भोईर, प्रदेश सचिव श्रीमती अपर्णा पाटिल, संगीता महादिक,दीपक शर्मा, मैथ्यू कोलासो, जीतू वेंगुलेकर, राजेश गायकवाड़, अर्जुन इंगोले, लालजी कनोजिया, गिरीश पाटिल, सुनील सुले, विजय राजगोर, बकुल मेहता,मारकंडे पांडे एवं पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## उद्योग शहर का कण है: राजन नाईक




**वसई रोड(उत्तरशक्ति)।** वसई पूर्व तालुका वालीव में उद्यमियों की समस्याओं को लेकर वालिव औद्योगिक क्षेत्र में उपरोक्त दोनों संगठनों द्वारा बैठक आयोजित की गई. जिसमें नालासोपारा विधायक राजन नाइक की उपस्थिति में व्यवसायियों की समस्याओं को तत्काल समझने के लिए महावितरण अधिकारी, पारेषण अधिकारी, नगर अधिकारी, वालिव पुलिस अधिकारी, यातायात पुलिस अधिकारी, परिवहन सेवा अधिकारी के साथ बैठक आयोजित की गई. भाजपा वसई जिला अध्यक्ष सौ प्रज्ञा ताई पाटिल, लघु उद्योग भारती मुंबई प्रांत अध्यक्ष जरयेश ढेडिया, वसई तालुका अध्यक्ष अरविंद पाटिल, औद्योगिक अध्यक्ष विजयभाई, सभी वसई तालुका उद्यमी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे.

# उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

## स्वस्थ शरीर और मन के लिए योग अनिवार्य : जिलाधिकारी डॉ. इंदुराणी जाखड़

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार 21 जून 2025 को पालघर जिला प्रशासन और जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला क्रीड़ा संकुल में बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ।

इस मौके पर जिलाधिकारी डॉ. इंदुराणी जाखड़ ने बोलते हुए कहा कि तेजी से बदलती जीवनशैली के चलते आज शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखना एक बड़ी चुनौती बन गया है। ऐसे समय में योग एक अत्यंत प्रभावी उपाय है जो शरीर को ऊर्जा देता है और मानसिक संतुलन बनाए रखता है। योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि जीवन जीने की एक पद्धति है। जिलाधिकारी डॉ. जाखड़ ने आगे कहा कि आज हर व्यक्ति किसी न किसी तनाव से जूझ रहा है। ऐसे में योग तनाव को दूर करने, मन को शांत रखने और एकाग्रता बढ़ाने में सहायक है। माता-पिता को भी अपने बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए। स्वस्थ शरीर के लिए संतुलित आहार और नियमित योग आवश्यक हैं।




इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग रखी गई है। कार्यक्रम की शुरूआत कॉमन योगा प्रोटोकॉल के अनुसार प्रार्थना से हुई, जिसके पश्चात विभिन्न योग आसन, प्राणायाम, नाड़ी शोधन, भ्रामरी एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने पूरे जोश के साथ योगाभ्यास में भाग लिया। कार्यक्रम में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे, उपजिलाधिकारी रविंद्र राजपूत, जिला सर्जन डॉ. रामदास मराड, जिला स्वास्थ्य अधिकारी संतोष चौधरी, जिला क्रीड़ा अधिकारी सुहास व्हनमाने, तहसीलदार सचिन भालेराव सहित कई अधिकारी, कर्मचारी, स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## कल्याण रेलवे स्टेशन पर दो गांजा तस्कर गिरफ्तार



**कल्याण(उत्तरशक्ति)।** कल्याण रेलवे अपराध शाखा पुलिस ने कल्याण रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर पांच से दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार गांजा तस्करों के नाम मेहताब शेख और लाल कोटकी हैं। इनमें से मेहताब मुंब्रा शील इलाके में रहता है। जबकि लाल कर्नाटक के कुलबर्गी में रहता है। पुलिस ने दोनों के पास से 4,17,360 रुपये का गांजा जब्त किया है। कल्याण स्टेशन पर दोनों पुरी एक्सप्रेस ट्रेन से प्लेटफॉर्म नंबर पांच पर उतरे। पुलिस को उन पर शक हुआ। उनके पास बड़े बैग थे। पुलिस को उन पर शक हुआ। पुलिस ने उन्हें रोका। जब बैग की जांच की गई तो उसमें गांजा पाया गया कल्याण रेलवे अपराध जांच शाखा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय खेड़कर मामले की आगे की जांच कर रहे हैं।

## पालघर जिला परिषद कार्यालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर सम्पन्न, 150 अधिकारियों व कर्मचारियों ने उठाया लाभ

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** पालघर जिला परिषद कार्यालय में शुक्रवार 20 जून 2025 को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जिला परिषद के लगभग 150 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। यह शिविर लिपिक कर्मचारी संघटना, महाराष्ट्र राज्य जिला परिषद परिचर कर्मचारी संघटना एवं एम. एल. ढवले मेमोरियल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस शिविर का आयोजन भाऊसाहेब पठाण (अध्यक्ष, राज्य गट ड महासंघ) और मुकुंद तुरे (राज्य अध्यक्ष, महाराष्ट्र राज्य जिला परिषद कर्मचारी संघटना) के मार्गदर्शन में किया गया। राज्य सचिव



किशोर पाटील और लिपिक कर्मचारी संघटने के पालघर जिलाध्यक्ष प्रसाद संखे के नेतृत्व में यह पाचवां स्वास्थ्य शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी वी. एम. हुंडेकर ने भी शिविर का दौरा किया और स्वयं की स्वास्थ्य जांच कराकर कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। शिविर में ब्लड प्रेशर, मधुमेह, नेत्र परीक्षण, ईसीजी जैसी सेवाएं पूरी तरह निःशुल्क प्रदान की गईं। ट्रस्ट के वैद्यकीय समाजसेवक अविनाश संदनशिव ने बताया कि जिन मरीजों में गंभीर रोग पाए गए हैं, उनकी आगे की शस्त्रक्रिया भी एम. एल. ढवळे ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क की जाएगी। इस आयोजन को सफल बनाने में चिकित्सा विशेषज्ञों और स्वास्थ्य कर्मियों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 कलंबोली में योग का महापर्व संपन्न

**नवीं मुंबई(उत्तरशक्ति)।** योग दिवस के शुभ अवसर पर, हिंदू समाज कलंबोली द्वारा श्री आई माता मंदिर, सेक्टर 11, कलंबोली, नवी मुंबई में भव्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन सीरवी समाज और आर्ट ऑफ लिविंग जैसे सहयोगी संगठनों के समन्वय और मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में स्थानीय नागरिक, युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने भाग लेकर योग के महत्व को आत्मसात किया। सभी ने मिलकर योगासन, प्राणायाम और ध्यान के विभिन्न अभ्यास किए। इस अवसर पर उपस्थित सभी ने करो योग, रहो निरोग के संकल्प के साथ



अपने दैनिक जीवन में योग और प्राणायाम को निरंतर अपनाने का दृढ़ निश्चय किया।

इस आयोजन के माध्यम से यह संदेश भी गया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह मानसिक और आध्यात्मिक समृद्धि का भी आधार है। हिंदू समाज कलंबोली का आनेवाल कार्य योजना के बारे में भी उपस्थित लोगो को अवगत कराया और सभी हिंदू भाई संगठित होकर एक सूत्र में आदर्श समाज निर्माण के लिए आह्वान किया है।

## विरार पश्चिम में मनाया योग दिवस

**वसई रोड (उत्तरशक्ति)।** भारत द्वारा पूरे विश्व को दिया गया दान यानि योग साधना। योग साधना वह आवश्यक साधन है जिसकी मनुष्य को तनाव और बीमारी से मुक्ति पाने के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए आवश्यकता होती है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सितंबर 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में 21 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में मनाने का प्रस्ताव रखा था। संयुक्त राष्ट्र के 193 में से 175 देशों के सह-प्रतिनिधियों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया था। अमेरिका, इंग्लैंड, चीन, फ्रांस, रूस जैसे देश जो सुरक्षा आयोग के स्थायी सदस्य हैं, वे भी इस प्रस्ताव के सह-प्रतिनिधि हैं। इस पर विस्तार से चर्चा के बाद दिसंबर 2014 में इसे मंजूरी दी गई। प्रथम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को विश्व भर में मनाया गया।

आज का विश्व योग दिवस विधायक राजन नाइक , अंबिका योग केंद्र के मार्गदर्शन में योग विद्या मार्गदर्शक डॉ. संजय कुमार चौधरी सर के मार्गदर्शन में विरार पश्चिम स्थित धीमही हॉल में सम्पन्न हुआ। उस टाइम वसई विरार जिला अध्यक्ष प्रज्ञा पाटिल,हरेंद्र दादा पाटिल, संजोग यांदे, मेहुल शाह, मुकेश पवार, गौरव राउत, अनिल



त्रिपाठी, गुरजीत अरोड़ा,मीरा रावल, सोनी अरोड़ा, ममता विश्वासराव, प्रियंका बेर्डे, हरीश भगत, जुगल गोसालिया सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जनेप प्राधिकरण ने योग संगम के जरिए रचा इतिहास

- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 10 हजार लोगों ने किया सामूहिक योग
- 16,500 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैले नए योग पार्क का हुआ उद्घाटन
- स्वस्थ जीवनशैली की दिशा में एक बड़ा कदम

**मुंबई(उत्तरशक्ति)।** जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण (जनेप प्राधिकरण) ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर योग संगम जैसे भव्य आयोजन की मेजबानी कर इतिहास रच दिया। उरण स्थित जनेप टाउनशिप में आयोजित इस भव्य योग उत्सव में लगभग 10,000 प्रतिभागियों ने एक साथ सामूहिक योग सत्र में भाग लेकर उत्सव की गरिमा बढ़ाई।

कार्यक्रम का आयोजन पत्तन, पोत एवं जलमार्ग मंत्रालय के मार्गदर्शन में और आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से संपन्न हुआ। इस वर्ष योग दिवस का विषय रहा – एक धरती, एक स्वास्थ्य के लिए योग। प्रधानमंत्री मोदी का संदेश और योग किट का वितरण कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 6 बजे हुई और इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर दिए गए संबोधन का सीधा प्रसारण भी किया गया। आयोजन में शामिल सभी



प्रतिभागियों को योगा किट भी प्रदान की गई, ताकि वे स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित हों। इस अवसर पर 16,500 वर्ग मीटर में फैले विशेष योग पार्क का उद्घाटन जनेप प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं वीपीपीएल के प्रबंध निदेशक उन्मेष शरद वाघ (भा.रा.से.) ने किया। यह पार्क निवासियों और कर्मचारियों को नियमित योगाभ्यास के लिए समर्पित रहेगा और एक सामुदायिक केंद्र के रूप में कार्य करेगा। प्रबंध निदेशक उन्मेष शरद वाघ ने कहा, योग संगम जैसे आयोजन की मेजबानी करना जनेप प्राधिकरण के लिए गौरव का क्षण है। हजारों लोगों के साथ सामूहिक रूप से योग कर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की भावना को साकार किया गया है। हम आशा करते हैं कि योग अब केवल एक दिन का आयोजन न रहकर लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बने। सप्ताहभर रहे विभिन्न योग कार्यक्रम इस अवसर को और व्यापक बनाने के लिए पूरे सप्ताह हरित योग, योग समवेश, योग अनप्लग्ड, योग कनेक्ट और योग महाकुंभ जैसे विविध कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इससे योग और स्वास्थ्य को लेकर लोगों में जागरूकता और सहभागिता को विशेष बल मिला। उक्त आशय की जानकारी जनसंपर्क अधिकारी व वरिष्ठ प्रबंधक (विपणन), जनेप प्राधिकरण अंबिका सिंह द्वारा मीडियाकर्मियों को साझा की गई है।

## भाजपा का संकल्प से सिद्ध तक कार्यक्रम आयोजित




**वसई रोड (उत्तरशक्ति)।** भारतीय जनता पार्टी वसई दक्षिण मंडल द्वारा नायगांव पूर्व में तिवारी रोड पर बालाजी हॉल में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार 09 जून 2025 को 11 वर्ष पूर्ण किया।उस संदर्भ संकल्प से सिद्धि तक के सूत्र पर आधारित मोदी सरकार की पिछले 11 वर्षों की सफल यात्रा वसई विधानसभा के कोने-कोने तक पहुंचे, इस उद्देश्य से आज भाजपा वसई पूर्व दक्षिण मंडल द्वारा #मोदी@11 आपके भारत का अमृतकल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल संकल्प से सिद्धि तक एवं भव्य पार्टी प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सरकार ने विकास की गंगा को सबसे कमजोर लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से सबसे कमजोर लोगों तक पहुंचने का दृढ़ संकल्प लिया है। पारदर्शिता, ईमानदारी, यह गतिशील और निर्णय लेने वाली सरकार 11 साल की सरकार की उपलब्धि है और इस सरकार ने विकास, अनुसंधान और समावेशिता के आधार पर 11 साल तक काम किया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा करते हुए, महाराष्ट्र के लोकप्रिय मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस, वसई विधायक स्नेहा दुबे पंडित,शिवसेना वसई ग्रामीण तालुका प्रमुख हरिहर पाटिल, युवा सेना पालघर जिला डिप्टी कलेक्टर जयेश पाटिल, सुधाकर किनी, श्रीमती हर्षा म्हात्रे, भरत म्हात्रे, हृदयनाथ पाटिल, गिरिधर भोईर, प्रभाकर म्हात्रे, केशरी नाथ पाटिल, नितेश पाटिल, प्रथमेश पाटिल और सैकड़ों शिवसेना पदाधिकारी और कार्यकर्ता स्नेहा दुबे के हाथों पार्टी में शामिल हुए। इस मौके पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय:
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति,** समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.-** 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

# बाइक सवार एक की मौत, दो घायल

◆ घटना संदिग्ध, पुलिस सभी दृष्टिकोण से कर रही जांच

**रियाजुल हक**

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जिले के सरायख्वाजा थाना क्षेत्र अंतर्गत पोटरिया पुल के पास बीती रात एक संदिग्ध घटना सामने आई, जिसमें तीन युवक घायल हो गए, जिनमें से एक की मौके पर मौत हो गई। यह घटना 20 जून की रात लगभग 1 बजे की है, जब तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर जपटापुर से बन्दनपुर की ओर जा रहे थे।




**बिना पुलिस के सूचना के पहुंचाया गया अस्पताल:** स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही तीनों घायलों को जिला अस्पताल जौनपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने राजू वर्मा (निवासी बन्दनपुर) को मृत घोषित कर दिया। वहीं, साहिल कश्यप पुत्र राजेश कश्यप और प्रिंस वर्मा पुत्र मिठाई लाल, दोनों निवासी बन्दनपुर, थाना खुटहन, को गंभीर अवस्था में बनारस ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया।

**हमला या एक्सीडेंट पूरा मामला संदिग्ध हालात:** घटना को लेकर सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि तीनों युवकों के केवल सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें हैं, जबकि बाकी शरीर पर कोई स्पष्ट चोट नहीं है। यह इशारा करता है कि यह सड़क दुर्घटना से अधिक संभावित हमला या साजिश हो सकता है।

**अभी तक बेहोश हैं घायल युवक:** दोनों घायल युवक अभी तक अचेत अवस्था में हैं, जिससे घटना के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है।

**परिवार में मातम, निष्पक्ष जांच की मांग:** राजू वर्मा की मौत से इलाके में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों और मृतक के परिजनों ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी सजा की मांग की है।

**पुलिस की गहन जांच जारी:** सरायख्वाजा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सभी एंगल से गहन जांच कर रही है। यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह एक सड़क दुर्घटना थी या सुनियोजित हमला। कैमरे के फुटेज, मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल खंगाले जा रहे हैं।

# पीयू में सामूहिक सूर्य नमस्कार से गूंजा योग का सूर्योदय

## ‘एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य’ के संकल्प संग मना अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के प्रांगण में 21 जून 2025 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उल्लास, उमंग और आध्यात्मिक आभा के साथ मनाया गया। भारत सरकार द्वारा घोषित इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य को सार्थक करते हुए विश्वविद्यालय परिवार के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया, जिससे प्रांगण योगमय हो उठा। वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए एक साथ सूर्य नमस्कार भी किया गया।

योग दिवस के अवसर पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। योग गुरु जय सिंह ने योग कराया। कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से संपन्न इस भव्य आयोजन की अध्यक्षता कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने की। मुख्य अतिथि वरिष्ठ फैकल्टी, आर्ट ऑफ लिविंग, अहमदाबाद की श्रीमती जिगिषा कोठारी ने कहा कि रजब इच्छाएँ अनियंत्रित होती हैं, तब मन भटकता है और तनाव जन्म लेता है, ऐसे में योग वह दीप है जो अंधकार में राह दिखाता है।उन्होंने योग को ऊर्जा, संयम और संतुलन का सेतु बताया।विशिष्ट अतिथि रणनीति एवं डिजिटल सलाहकार, पूर्व प्रमुख तकनीकी-वाणिज्यिक, अडानी इंफ्रा इंडिया लिमिटेड के संजीव कोठारी ने सभी को प्रेरित करते हुए योग को जीवन का अंग बनाने का संदेश दिया। विश्वविद्यालय परिवार ने उनके साथ सूर्य नमस्कार कर इस संदेश को साकार किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 6:30 बजे हुआ। योगाचार्य जय सिंह के मार्गदर्शन में प्रातः 7:00 बजे से 7:45 बजे तक भुजंगासन, ताड़ासन, कपालभाति, प्राणायाम समेत अनेक योगासन कराए गए। तत्पश्चात वर्ल्ड रिकॉर्ड में प्रतिभागिता के साथ 8:00 बजे से 8:10 बजे तक सूर्य नमस्कार योग मुद्रा का सामूहिक प्रदर्शन हुआ।इस अवसर पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य केवल योगाभ्यास नहीं, अपितु शारीरिक, मानसिक और आत्मिक आरोग्यता के माध्यम से एक धरती, एक स्वास्थ्य के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना रहा।

**वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए किया गया सूर्य नमस्कार**



छात्र कल्याण अधिष्ठाता एवं कार्यक्रम संयोजक प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सभी ने विशाखापत्तनम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया।कार्यक्रम संचालन प्रो. मनोज मिश्र एवं धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने किया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रो. मानस पांडे, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. अविनाश, प्रो. अजय प्रताप सिंह, डॉ. राज बहादुर यादव (एनएसएस समन्वयक), प्रो. सौरभ पाल, प्रो. बी.डी. शर्मा, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. संदीप सिंह, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो गिरधर मिश्र, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. मनोज पांडे, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. मिथिलेश सिंह, डॉ. रसिकेश, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. सुनील कुमार, डॉ.श्याम कन्हैया, डॉ.नीतेश जायसवाल, डॉ.शशिकांत यादव, उपकुलसचिव अजीत प्रताप सिंह, बबीता सिंह, कर्मचारी संघ अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, महामंत्री रमेश यादव, रजनीश सिंह, डॉ.राजेश सिंह, राज नारायण सिंह, श्याम त्रिपाठी, स्वतंत्र कुमार सहित विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अपराधियों पर निरोधात्मक कार्रवाई एवं गश्त से बदलेगा माहौलः एसपी सिटी

## शाहगंज संपूर्ण समाधान दिवस में सिर्फ 24% शिकायतें निपटीं

शाहगंज,जौनपुर( उत्तरशक्ति)। तहसील शाहगंज में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें कुल 141 मामले आए और मात्र 17 शिकायत पत्र का ही समाधान हो पाया। महज 17 फीसदी यानी 24% शिकायतों का ही समाधान हो पाया। फरियादियों को समाधान के बजाय सिर्फ आश्वासन लेकर लौटना पड़ा।शासन के निर्देश पर संपूर्ण समाधान दिवस पर हर बार फरियादी इन उम्मीदों से पहुंचते हैं कि इस बार उनकी शिकायतों का समाधान हो जाएगा। लेकिन अधिकारियों और उनके अधीनस्थों की औपचारिक कार्यशैली के कारण समाधान नहीं हो रहे हैं और बदले में सिर्फ फरियादी को आश्वासन मिल रहा है। शिकायतों की तुलना में समाधान देखा जाए तो सिर्फ 24% फीसदी समाधान हो पाया है। कई वर्षों से समाधान दिवस सहित अन्य जगहों पर मांग एवं शिकायत करते-करते थक चुके ग्राम मोलनापुर निवासी राजबहादुर सिंह ने समाधान दिवस पर पहुंचकर विपक्षी द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जा को लेकर शिकायत पत्र एसडीएम कुणाल गौरव शाहगंज को दिया। परंतु केवल आश्वासन से ही लौटना पड़ा। विलंब से पहुंचे एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव ने पत्रकार वार्ता में जनपद के अपराध ग्राफ को लेकर कहा कि बड़ी घटना जफराबाद का हुआ था। हमारे द्वारा एक्शन लिया गया और पुलिस द्वारा गस्त बढ़ाया गया है और निरोधात्मक करवाई शुरू की गई है। जल्द आप सबके सामने रिजल्ट मिलेगा। साइबर क्राइम पर हमारी टीम लगातार अंकुश लग रही है और काम कर रही है विगत दिनों हमारे द्वारा अधिक संख्या में मोबाइल भी बरामद करके दिया गया है पत्रकारों द्वारा यह पूछा गया कि किसी महिला का पति यदि दूसरी शादी कर लेता है और महिला कोतवाली में शिकायत पत्र लेकर जाती है तो इस महिला का शांति भंग में चालान कर दिया जाता है।जिस पर एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव ने कहा की बिल्कुल नहीं होना चाहिए था हमें जानकारी नहीं है अगर शिकायत मिलेगा तो इस पर जरूर कार्रवाई होगी। पुलिस पर लग रहे पारदर्शिता के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि हम इसे नहीं मानते हैं पुलिस द्वारा लगातार जनहित में सुशासन को बनाए रखने के लिए कार्य किया जा रहा है। उक्त अवसर पर एसडीएम कुणाल गौरव क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान तहसीलदार आशीष कुमार सिंह सहित तमाम आलाधिकारी उपस्थित रहे।




## उत्साह के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**मुहम्मद आरिफ**

सिधौना, आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)। 21 जून को प्रातः कूंबा पी जी कॉलेज दरियापुर नेवादा आजमगढ़ के प्राचार्य प्रो.अभिमन्यु यादव की अध्यक्षता में वन वर्थ वन हेल्थ थीम के अंतर्गत प्रधानमंत्री मोदी के योग कार्यक्रम का सजीव प्रसारण तथा समूचे विश्व में एक साथ सूर्य नमस्कार किया गया। जैसे महत्वपूर्ण योग को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक /स्वयं सेविकाएं, रोवर्स रेंन्जर्स, अन्य छात्र छात्राएं, प्राध्यापक एवं कर्मचारियों के साथ प्रशिक्षक डॉ.राम धीरज यादव ने योगाभ्यास कराया। इस मौके पर प्रो० देवेंद्र प्रताप सिंह ने योग की महत्ता पर प्रकाश डाला संचालन डॉ. राणा प्रताप सिंह ने सूर्य नमस्कार बीज मन्त्रोचार योगार्थियों के साथ किया।



# योगः स्वास्थ्य की ओर पहला कदम

## सूर्य नमस्कार, वृक्षासन, ताड़ासन, अनुलोम-विलोम जैसे किए गए योगासन

**छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ ने मिलकर किया योगाभ्यास**

**प्राचार्य ने योग को जीवनशैली में अपनाने की दी प्रेरणा**

सुईथाकलां,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कादीपुर विकास खण्ड के अंतर्गत 21 जून 2025 को अल्फारूक पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों के साथ-साथ शिक्षक एवं अन्य स्टाफ सदस्यों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत शांतिपूर्ण प्रार्थना और सूर्य नमस्कार से हुई। प्रशिक्षकों ने बच्चों को विभिन्न योग आसनों का अभ्यास कराया और उनके लाभों को सरल भाषा में समझाया। बच्चों ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम और ध्यान का अभ्यास किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने प्रेरणादायक संदेश में कहा, योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक कला है। यदि हम इसे दिनचर्या में शामिल करें, तो तन-मन दोनों स्वस्थ रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में छात्रों को योग के महत्व पर आधारित एक छोटी प्रश्नोत्तरी भी कराई गई, जिसमें विजेताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।



इस अवसर पर बसंत कुमार मिश्रा, सुधीश कुमार सिंह, पवन कुमार, जमीर अहमद सुनील कुमार, साधना सिंह, अमृता यादव, सुषमा यादव, रिंकी मौर्या , माला सिंह, सावित्री, शफक खान, मरियम खान, जेबा खान, शबीहा खान, राफिया खान व छात्र व छात्राओं ने शिविर में प्रतिभाग किये।

# दृढ़ संकल्प हो तो कोई कार्य असंभव नहीं: डा.जयसिंह राजपूत

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शाहगंज स्वाभिमान जन जागरण एवं पुस्तक वितरण समारोह क्षत्रिय सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्मारक के पास राम जानकीपुरम, शाहगंज, जौनपुर में फतेह सिंह द्वारा आयोजित किया गया।जिसमें बतौर मुख्य अतिथि क्षत्रिय विकास संस्था के प्रदेश प्रभारी डा.जयसिंह राजपूत द्वारा अपने संबोधन में कहा कि मनुष्य अगर किसी कार्य के लिए दृढ़ संकल्पित हो जाए तो दुनिया का कोई भी ऐसा कार्य नहीं है जो संभव न हो सके,अगर सम्मान और स्वाभिमान से जीना है तो शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, खान-पान, रहन-सहन, वेशभूषा और अपने व्यक्तित्व को भी संवारना एवं सुधारना होगा। अपने इतिहास और पूर्वजों को भी जानना होगा। ठा.फतेह सिंह चौहान के कर कमरों द्वारा सम्राट पृथ्वीराज चौहान एवं वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के चित्र अंकित पुस्तक को सैकड़ो बच्चों को वितरित किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान जयसिंह, अनूप सिंह राजपूत, सुषमा सिंह ममता देवी, नम्रता सिंह, निशा देवी, रामसिंह चौहान, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन रतन सिंह परमार द्वारा किया गया।



# 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शाही किला में हुआ योगाभ्यास का आयोजन

◆ इस बार ‘एक पृथ्वी एक स्वास्थ’ रही थीम

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मुख्य अतिथि मंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीब उन्मूलन, ऊर्जा, अतिरिक्त ऊर्जा ए.के. शर्मा, राज्य सभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी, सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह प्रिन्शु, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मनोरमा मौर्य एवं गन्ना आयुक्त/नोडल अधिकारी प्रमोद कुमार उपाध्याय एवं जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चद्र, पुलिस अधीक्षक जौनपुर डा0 कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया सहित अन्य के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।



प्रभारी मंत्री की उपस्थिती में ग्यारहवें "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस" के अवसर पर शाही किले में प्रधानमंत्री के "एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग" पर प्रेरणादायी उद्बोधन सुना गया व हजारों की संख्या में एकत्रित हुए सम्मानित जनों, समाजसेवियों, अधिकारीगण, कर्मचारीगण युवा एवं विद्यार्थीगण व आमजन के साथ योगाभ्यास किया गया। इस दौरान उन्होने कहा कि आइये, शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने हेतु ‘योग’ को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनायें व दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने ‘अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस’ के अवसर पर आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत और अभिनन्दन करते हुए कहा कि योग से न सिर्फ शरीर बल्कि मस्तिष्क भी स्वस्थ होता है।यह आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का साधन है। इसी क्रम में विकासखण्ड परिसर में विधायक मड़ियांहु डा0 आर के पटेल की उपस्थिति में बदलापुर के बहरापुर पार्क में विधायक बदलापुर रमेश चन्द्र मिश्र की उपस्थिति में योगाभ्यास कराया गया।इसके साथ ही शहर में लोहिया पार्क, टी. डी. कॉलेज, पुलिस लाईन, इंग्लिश क्लब, उमानाथ सिंह चिकित्सा विद्यालय, जिला चिकित्सालय इसके अलावा समस्त तहसीलों, ब्लॉक एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरो, ग्राम पंचायत एवं अमृत सरोवर पर योग प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास कराया गया।

इस अवसर पर पूर्व गृहराज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह, जिला अध्यक्ष बीजेपी पुष्पराज सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अम्बष्ठ, नगर मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह, परियोजना निदेशक के.के पाडें, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. कमल, पुष्पराज बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक (आयुष) तथा जनपद जौनपुर के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी सहित आम जनमानस उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

# विभिन्न जगहों पर आयोजित हुआ योग कार्यक्रम

**निशानाथ**

खेतासराय,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके क्रम में अब्दुल अजीज अंसारी डिग्री कॉलेज मजडीहा में योग कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एन.डी. उपाध्याय, योग प्रशिक्षक आशीष कुमार अस्थाना तथा मिर्जा अनवर बेग इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नौशाद खान द्वारा दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया। जिसमें योग प्रशिक्षक आशीष कुमार अस्थाना ने छात्रों व शिक्षकों को योगाभ्यास के शारीरिक व मानसिक लाभों की जानकारी देते हुए विभिन्न प्रकार के आसनों व प्राणायाम का अभ्यास कराया।



इस दौरान मुख्य रूप से प्राचार्य डॉ. एन.डी. उपाध्याय, डॉ0 जलीम खान,सचिव मिर्जा अनवर बेग उपस्थित रहे। वही खेतासराय-खुटहन मुख्य मार्ग पर स्थित सर्वोदय इण्टर कॉलेज खुदौली में योग प्रशिक्षक कृष्ण मुरारी मौर्या ने योगाभ्यास कराया और उसके महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान मुख्य रूप से प्रबन्धक अनिल कुमार उपाध्याय, प्रधानाचार्य दिनेश कुमार गुप्ता, एनसीसी अधिकारी राजेश यादव, विनोद मिश्रा, रेखा यादव उपस्थित रही। वही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 सूर्य प्रकाश यादव,के नेतृत्व में योगाभ्यास का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ0 मसूद अहमद खान,डॉ. फिरदौस खान, डॉ. साजिद, अशोक यादव सुल्तानी, अवधेश तिवारी समेत,विप्लव यादव, आदि लोग उपस्थित रहे। वही स्थानीय थाना परिसर में प्रभारी थानाध्यक्ष रामाश्रय राय के नेतृत्व में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिसकर्मियों ने योगाभ्यास किया। विकास खण्ड शाहगंज सोंधी में बीडीओ पीयूष त्रिपाठी के नेतृत्व में कर्मचारियों ने योगभ्यास किया। इसी के क्रम में मण्डल अध्यक्ष उपेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में यशोदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाहापुर में योग प्रशिक्षक डॉ. गजेंद्र पाण्डेय ने योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा, मण्डल महामंत्री मनीष गुप्ता, शांतिभूषण मिश्रा समेत आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिला चिकित्सालय जौनपुर में सी.टी. स्कैन मशीन का उद्घाटन 23 जून को

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अ0श0उ0 सिंह जिला चिकित्सालय जौनपुर ने अवगत कराया है कि जिला चिकित्सालय में राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग, उ०प्र० गिरीश चन्द्र यादव के अथक प्रयास से सी०एस०आर० फण्ड के माध्यम से भारत इलेक्टॉनिक्स लिमिटेड, गाजियाबाद द्वारा जिला चिकित्सालय जौनपुर में सी०टी० स्कैन मशीन की स्थापना कर दिया गया है। जिसका उद्घाटन राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार)के कर कमलों द्वारा जनरल मैनेजर (नेटवर्क सेन्ट्रीक सिस्टम) समीर, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड गाजियाबाद एवं सी०एस०आर० विभाग के समस्त अधिकारीगण की गरिमामयी उपस्थिति में 23 जून 2025 को प्रातः 11.00 बजे किया जाना है।

# गौराबादशाहपुर पुलिस ने गुमशुदा बालक को किया बरामद, परिजनों में खुशी

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना गौराबादशाहपुर पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास कर गुमशुदा बालक को बरामद कर लिया गया। थाना गौराबादशाहपुर पुलिस टीम द्वारा थानाध्यक्ष फूलचन्द पाण्डेय के नेतृत्व मे उ0नि0 प्रदीप कुमार सिंह मय हमराह का0 सतीश गुप्ता द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 109/25 धारा 137(2) बीएनएस से सम्बन्धित गुमशुदा को अथक प्रयास से दिनांक 21.06.2025 को बरामद कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



# योग शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक शांति का अचूक अस्त्रः बालयोगी करन गुरू

शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। योग एक ऐसी क्रिया है जो हमें आत्मिक शांति प्रदान कर हमारे तन, मन को एकाग्रचित्त कर उस परम पिता से जोड़ने का कार्य करता है। उक्त बातें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर तहसील प्रांगण में उपस्थित योग साधकों को संबोधित करते हुए बालयोगी करन गुरू पार्थ ने कही। उन्होंने आगे बताया कि मैने उस समय लोगों को योग कराया था जिस समय लोग अपने खून से भी दूरी बना ली थी, मैने शाहगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों की निशुल्क सेवा की थी। नगर के अन्य स्थानों पर भी ग्यारहवें योग दिवस के अवसर पर गणमान्य लोगों ने योग करते हुए उसके महत्व को रेखांकित किया। होटल शाहगंज पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में योग गुरू वीरू ने लोगों का आह्वान किया कि आप अपने लिए कम से कम एक घंटा जरूर निकाल कर योग कीजिये, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रमेश सिंह ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग हमारे देश की बहुत प्राचीन देन है इसका हमें प्रतिदिन अभ्यास करना चाहिए, प्राइमरी पाठशाला में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता और पतंजलि योगपीठ शाहगंज ईकाई के अध्यक्ष डाक्टर आर पी सिंह ने कहा कि योग वह क्रिया है जिसके लिए हमें कोई भी मूल्य नही देना पड़ता है। उपाध्यक्ष शिव कुमार यादव ने उपस्थित साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपने क्षेत्र के लोगों को योग करने के लिए प्रोत्साहित करिये जिससे उनका जीवन भी रोग मुक्त हो सकें। योग गुरु एवं पतंजलि योगपीठ शाहगंज ईकाई के कोषाध्यक्ष ओम् प्रकाश चौबे ने कहा कि हमारे ऋषि मुनियों ने हमें यह अनमोल उपहार दिया है इसमें हमें कुछ भी खर्च करने की जरूरत नही है। अन्य स्थानों पर भी योग का कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें बसंती देवी आई टी आई, तुलसी उद्यान, बुढंवा बाबा पोखरा, आर के इंस्टिट्यूट आदि जहाँ पर लोगों ने योग करते हुए अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया।



# फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट से 20 लाख रुपया ठगी करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

**डॉ.एस.के.मिश्र,** वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के कमिश्नरेट पुलिस को बड़ी सफलता मिली, फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाकर नौकरी दिलाने के नाम पर महिलाओं से ठगी करने वाले अभियुक्त मुनकेद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त की निशानदेही पर 20 लाख रुपये नगद बरामद किए हैं, जो विभिन्न आपराधिक मामलों से संबंधित हैं। पुलिस आयुक्त के मार्गदर्शन और पुलिस उपायुक्त अपराध सरवणन टी के कुशल निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। अभियुक्त मुनकेद, पुत्र आबिद निवासी सरस लाल गोवर्धन, जसपुर, मथुरा, को 11 जून को मुकदमा नंबर 0344/2025 के तहत गिरफ्तार किया गया था। उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था।पुलिस ने मुनकेद को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ की, जिसके आधार पर निम्नलिखित मामलों से संबंधित 20 लाख रुपये बरामद किए गए। कोतवाली मथुरा में दर्ज 9 लाख 70 हजार रुपये धनराशि, मथुरा के ही गोविंद नगर थाने में दर्ज 4 लाख 80 हजार रुपये की ठगी और वाराणकी के कैंट थाने में दर्ज 5 लाख 50 हजार रुपये ठगी हुई धनराशि बरामद कर ली है। पुलिस इसे बड़ी सफलता मान रही है।

**लूट ली वाहवाही:** इसमे में शामिल पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक रामकेवल यादव, उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार वर्मा, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, और कांस्टेबल राजेंद्र यादव शामिल थे। पुलिस उपायुक्त अपराध ने टीम के प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसी कार्रवाइयां अपराधि भय पैदा करती हैं।

# औषधि निरीक्षक रजत पांडे ने किया पदभार ग्रहण

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। इटावा से स्थानांतरित होकर आए रजत पांडेय ने जौनपुर में औषधि निरीक्षक का प्रभार गत बुधवार को ग्रहण कर लिया।मूलतः पांडेय इलाहाबाद के बरौत से सटे गांव सहीला के निवासी हैं। आपकी प्रारंभिक शिक्षा इलाहाबाद राजकीय इण्टर मीडिएट कालेज से हुई उसके बाद आप लखनऊ से बी फार्मा की डिग्री प्राप्त किये।तत्पश्चात आपने दिल्ली से एम फार्मा की उपाधि अर्जित किया, इसके बाद भी शिक्षा में मन? लगे होने के कारण आप सिक्किम से बिजनेस मैनेजमेंट में मास्टर डिग्री हासिल किया। जौनपुर जनपद में इनकी यह दूसरी पोस्टिंग है। यहां चार्ज लेते ही थोक एवं फुटकर दवा व्यवसायियों में हड़कंप मचा हुआ है।



## आवश्यकता है

फरीदुल हक मेमोरियल पी0जी0 कालेज तालीमाबाद सबरहद शाहगंज जौनपुर में स्वावित्तपोषित योजनान्त्रगत गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, भौतिक विज्ञान व गणित में एक एक तथा रसायन विज्ञान एवं प्राणि विज्ञान में तीन तीन प्रवक्ताओं तथा एक कार्यालय सहायक जिसे कम्प्यूटर का पूर्ण ज्ञान हो (हिन्दी व अंग्रेजी टाइपिंग के साथ साथ समस्त आनलाइन कार्यों में दक्ष हो) की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान उत्तर प्रदेश शासन/यू.जी.सी. के नियमानुसार। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी तत्काल कालेज के पते पर अथवा मोबाइल नम्बर 9236926850 पर प्रातः10 बजे से शाम 05 बजे के बीच अपने समस्त अभिलेखों के साथ संपर्क करें।

**प्राचार्य**

